“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आश्विन 27, 1944
बुधवारः 19 अक्तूबर 2022

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डेफएक्सपो 2022 के दौरान एचएएल द्वारा डिजाइन और विकसित स्वदेशी प्रशिक्षक विमान एचटीटी-40 का अनावरण किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 19 अक्टूबर 2022 को गुजरात के गांधीनगर में 12वें डेफएक्सपो के दौरान इंडिया पैविल्यन में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा डिजाइन और विकसित स्वदेशी प्रशिक्षक विमान एचटीटी-40 का अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल भी उपस्थित थे। विमान में अत्याधुनिक समकालीन प्रणालियां हैं और इसे पायलट के अनुकूल सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। 60 प्रतिशत से अधिक इन-हाउस पार्ट्स और निजी उद्योग के सहयोग के साथ, यह 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

एचटीटी-40 का उपयोग बुनियादी उड़ान प्रशिक्षण, एरोबेटिक्स, इंस्ट्रूमेंट फ्लाइंग और क्लोज फॉर्मेशन उड़ानों के लिए किया जाएगा, जबकि इसकी अतिरिक्त भूमिकाओं में दिशानिर्देशन और रात्रिकालीन उड़ानें शामिल होंगी। यह भारतीय रक्षा सेवाओं की प्राथमिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रमाण है।

सावधानीपूर्वक परीक्षण किए गए टर्बो-प्रोप इंजन से निर्मित, विमान नवीनतम वैमानिकी, एक वातानुकूलित केबिन और इजेक्शन सीट्स से लैस है। इसमें चलते समय पायलटों का परिवर्तन, हॉट-रिफ्यूलिंग और अल्प-परिवर्तन काल/शॉर्ट-टर्नअराउंड टाइम जैसी अनूठी विशेषताएं हैं। पहली उड़ान से रिकॉर्ड छह वर्षों में प्रमाणन के लिए आवश्यक सभी परीक्षण पूरे किए गए।

एचटीटी-40 ने सभी सिस्टम परीक्षण, सभी पीएसक्यूआर प्रदर्शन, गर्म मौसम, समुद्र के स्तर और क्रॉस विंड परीक्षण और उपयोगकर्ता सहायता प्राप्त तकनीकी परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसने वर्षा जल प्रतिरोध का प्रदर्शन किया। विमान की उड़ान योग्यता के लिए अनंतिम स्वीकृति सेना उड़नयोग्यता और प्रमाणीकरण केंद्र (सीईएमआईएलएसी) से प्राप्त होती है।

एबीबी/डीएस